भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2244 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 12 दिसंबर, 2025/21 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है

अंतर्देशीय जल परिवहन

† 2244. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय जलमार्गों के अंतर्गत कर्नाटक के तटीय जिलों में अंतर्देशीय जल परिवहन की काफी संभावनाएं हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कर्नाटक के उडुपी, दक्षिण कन्नड़ और उत्तर कन्नड़ जिलों में टर्मिनलों, जेट्टी और लॉजिस्टिक हब विकसित करने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन टर्मिनलों को रेलवे, हाईवे और औद्योगिक क्षेत्रों से जोड़ने के लिए मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी योजना लागू की जा रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का इसके संवर्धन के लिए तकनीकी और वित्तीय मदद देने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): कर्नाटक में राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के अनुसार 12 घोषित राष्ट्रीय जलमार्ग (एनडब्ल्यू) हैं, जो **अनुबंध-I** में दिया गया है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधीन एक स्वायत संगठन भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने नदी क्रूज पर्यटन हेतु फ्लोटिंग जेटी उपलब्ध कराने के लिए एक कार्य-योजना तैयार की है। विस्तृत कार्य योजना **अनुबंध-II** में दी गई है। इसके अलावा, आईडब्ल्यूएआई मंगलुरु में लॉजिस्टिक्स हब स्थापित करने के लिए तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन कर रहा है। इसका परिणाम तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट की सिफ़ारिशों पर निर्भर होगा।

(ग): जी, नहीं।

(घ): आईडब्ल्यूएआई द्वारा सरकारी बजटीय सहायता से इन राष्ट्रीय जलमार्गों में विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं।

अनुबंध-I

कर्नाटक में राष्ट्रीय जलमार्ग

क्र.सं.	राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)	नदी	लंबाई कि. मी. में	राज्य
1.	रा.ज.-4	कृष्णा नदी (वजीराबाद से विजयवाड़ा)	636	आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, पुडुचेरी और छत्तीसगढ़
2.	रा.ज.-21	भीमा नदी	139	कर्नाटक और तेलंगाना
3.	रा.ज.-41	घाटप्रभा नदी	112	कर्नाटक
4.	रा.ज.-43	गुरुपुर नदी	10	कर्नाटक
5.	रा.ज.-51	काबिनी नदी	23	कर्नाटक
6.	रा.ज.-52	काली नदी	53	कर्नाटक
7.	रा.ज.-67	मालाप्रभा नदी	94	कर्नाटक
8.	रा.ज.-74	नेत्रावती नदी	79	कर्नाटक
9.	रा.ज.-76	पंचगंगावली (पंचगंगोली) नदी	23	कर्नाटक
10.	रा.ज.-90	शरावती नदी	29	कर्नाटक
11.	रा.ज.-104	तुंगभद्रा नदी	232	कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश
12.	रा.ज.-105	उदयवारा नदी	15	कर्नाटक

<u>अनुबंध-II</u>

कर्नाटक राष्ट्रीय जलमार्गों में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा 2026-27 तक फ्लोटिंग जेट्टी और नौचालन सुविधाएं उपलब्ध कराने की कार्य योजना।

(क) गुरुपुर नदी (रा.ज.-43) और नेत्रवती नदी (रा.ज.-74)- बेंगरे नौका सेवा, बीएमएस नौका लाइन और सुल्तान बाथरी को जोड़ने के लिए तीन जोड़ी कनेक्टिंग घाट प्रस्तावित हैं। इसके अतिरिक्त, बोलार और उल्लाल में नौका मार्ग (1.5 किमी) के विकास के लिए दो घाटों का विकास प्रस्तावित है, जबकि सड़क मार्ग से यह दूरी 15.7 किलोमीटर है। इन स्थानों पर पहले से ही घाट विद्यमान हैं, इन्हें नौचालन सुविधाओं द्वारा बढ़ाने का प्रस्ताव है।

(ख) काली नदी (रा.ज.-52)- नौचालन सुविधाओं का प्रवेशन और मौजूदा घाट (24 मी. x 6 मी.) के विस्तार का प्रस्ताव है, नौचालन सुविधाएं स्थापित करने का प्रस्ताव है।

(ग) पंचगंगावली नदी (रा.ज.-76) - इस नदी के बैकवाटर में नदी क्रूज शुरू करने के लिए कोडी तट पर एक फ्लोटिंग घाट का प्रस्ताव है।

(घ) शरावती नदी (रा.ज.-90) - होन्नावर और गेरुसोप्पा में नदी क्रूज पर्यटन के लिए दो फ्लोटिंग घाट प्रस्तावित हैं। निविदा जारी की जा चुकी है और नौवहन संबंधी उपकरण स्थापित किए जाने का प्रस्ताव किया गया है।

(ङ) उदयवारा नदी (रा.ज.-105) - नदी क्रूज पर्यटन के लिए मालपे में एक फ्लोटिंग घाट प्रस्तावित है। मौजूदा क्रूज सेवाएं मैपल सी व्यू को सेंट मैरी द्वीप और दरिया बहादुरगढ़ किले से जोड़ती हैं।

*****